Jaipur International Film Festival
7, Jai Jawan Colony 1st, JLN Road, Jaipur- 302018, INDIA
Ph: +91-141-6500601 Web: - www.jiffindia.org, E-mail-jiffjaipur@gmail.com, info@jiffindia.org

# *प्रेस रिलीज*

**अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को दिया जायेगा ''लाईफ टाईम अचीवमेन्ट अवॉर्ड''।**

**JIFF में इस बार ''स्पेन'' होगा गेस्ट कन्ट्री।**

**शामिल होंगी 1 हजार से भी ज्यादा अवॉर्ड विनर फिल्म जगत की हस्तियाँ।**

---

**9 जनवरी 2013 :–** वर्ल्ड का बेहतर सिनेमा, फिल्म जगत की बेहतरीन जानकारी रखने वाले निर्माता, निर्देशक, एक्टर्स, स्टोरी राइटर और न्यू कमर्स। ये सब लोग एक ही छत के नीचे मिलेंगे जयपुर में आयोजित हो रहे 5वें जयपुर इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में। देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुका जयपुर इन्टरनेशन फिल्म फेस्टिवल इस बार 30 जनवरी से 03 फरवरी तक जयपुर में अयोजित होगा।

**लाईफ टाइम अचीवमेन्ट अवॉर्डः–**

अभिनेत्री शर्मिला टैगोर, जिन्होंने अपने अदभुत अभिनय कौशल से फिल्म जगत में एक अलग पहचान बनायी है, उन्हें इस वर्ष JIFF के तीसरे ''लाईफ टाइम अचीवमेन्ट अवॉर्ड'' से नवाजा जा रहा है। इस दौरान उनकी बेहतरीन फिल्मों की स्क्रीनिंग फिल्म फेस्टिवल में की जायेगी। इससे पहले फिल्म अभिनेत्री आशा पारेख व जया बच्चन को ''लाईफ टाइम अचीवमेन्ट अवॉर्ड'' से सम्मानित किया जा चुका है।

समारोह में शिरकत करने के लिए अभिनेत्री शर्मिला टैगोर, प्रेम चोपड़ा, गौतम घोष, दिया मिर्जा, आनन्द पटवर्धन के साथ –साथ देश –विदेश के सैकड़ों फिल्म मेकर्स शिरकत करने के लिए जयपुर पहुँचेंगे।

**प्रेस कॉन्फ्रेन्स में JIFF के नये लोगो व पोस्टर का भी अनावरण किया गया।**

फिल्म फेस्टिवल में इस बार 90 देशों की अलग–अलग भाषाओं की 1397 फिल्में JIFF कार्यालय को प्राप्त हुई। JIFF प्रिव्यू कमेटी के मेम्बर्स ने तीन महिने की कड़ी मशक्कत के बाद इनमें से 217 फिल्मों का चयन स्क्रीनिंग के लिए किया हैं। पिछले वर्ष 187 फिल्मों का

चयन स्क्रीनिंग के लिए किया गया था। इस वर्ष स्क्रीनिंग में 55 फीचर फिल्मों के अलावा 106 शार्ट 25 डॉक्यूमेन्ट्री और 31 ऐनिमेशन फिल्में शामिल है। जिनमें से 134 फिल्में विदेशी कैटेगरी में और 83 भारतीय भाषाओं की फिल्में है।

**गेस्ट कंट्री ''स्पेन'' :–**

JIFF में हर साल की तरह इस साल भी गेस्ट कंट्री की परम्परा को जारी रखा गया है। JIFF काउंसिल ने 2013 का गेस्ट कंट्री ''स्पेन'' को घोषित किया है। इस दौरान ''स्पेन'' की 10 फिल्मों की स्क्रीनिंग फेस्टिवल में की जायेगी। JIFF के *डायरेक्टर* हनु रोज ने बताया कि JIFF में स्पेन से 10 फिल्मों का चयन हुआ है। जो कि भारत के बाद किसी भी देश से सबसे ज्यादा चुनी गई फिल्में है। परम्परा के अनुसार इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुये JIFF काउन्सिल ने ''स्पेन'' को गेस्ट कंट्री का दर्जा दिया है। पिछले वर्ष अमेरिका, इससे पूर्व फ्रांस और ईरान को गेस्ट कंट्री का दर्जा दिया गया था।

**100 वर्ष का सिनेमा :–**

JIFF 2013 में भारतीय सिनेमा के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया जायेगा। इसके लिए गोलछा स्थित चन्द्रमहल सिनेमा स्क्रीन में अलग से क्लासिकल फिल्मों की स्क्रीनिंग की जायेगी। इस दौरान गुरूदत्त की फिल्म ''कागज के फूल'', के. आसिफ की फिल्म ''मुगले आजम'', सत्यजीत रे की ''पाथेर पांचाली'', महेश भट्ट निर्देशित ''सारांश'' और यश चोपड़ा की ''दाग'' जैसी अनेक फिल्मों की स्क्रीनिंग की जायेगी। इस अवसर पर महान फिल्मकार गुरूदत्त के बेटे ''अरूण दत्त'' गुरूदत्त की फिल्म ''कागज के फूल'' पर चर्चा करेंगे। साथ ही गुरूदत्त के जीवन, फिल्मों के प्रति उनकी सोच को उन्हीं के बेटे की जुबानी जानना एक अदभुत् अनुभव होगा।

**बोलेगी ''आलम आरा''** – सिनेमा के **100 साल पूरे होने के अवसर पर** JIFF में भारत की पहली बोलती फिल्म ''आलम आरा'' के बारे में चर्चा की जायेगी। छत्तीसगढ़ फिल्म संग्रहालय के प्रोफेसर व सोसायटी फाउन्डर ''शिवानन्द कामड़े'' इस फिल्म के बारे में चर्चा करेंगे।

**वर्कशॉप, सेमिनार व फेस टु फेस सैशन :–**

सिनेमा सिर्फ देखा ही नहीं जाता उससे बहुत कुछ सीखा भी जाता है। JIFF में न केवल फिल्मों की स्क्रीनिंग की जा रही है बल्कि वर्कशॉप व सेमिनार भी आयोजित करवायी जायेंगी। ''चेजिंग फेस ऑफ इंडियन सिनेमा'' और ''100 ईयर ऑफ इंडियन सिनेमा'' विषयों पर चर्चा होगी। देश भर से आये फिल्म जगत के लोग इन विषयों पर चर्चा करेंगे।

वहीं जिन फिल्मों की स्क्रीनिंग फेस्टिवल में की जायेंगी उसके पश्चात् उन फिल्मों से जुड़े प्रतिनिधि ''फेस टु फेस'' सैशन में लोगों से रूबरू होंगे और उनकी जिज्ञासाओं, सवालों के जवाब भी देंगे।

**फिल्म मार्केट :–**

JIFF में इस बार फिल्म मार्केट विश्व स्तर पर लॉन्च किया जा रहा है। JIFF में ''ईरोज इन्टरनेशनल'' व ''सेन्ट्रल सर्किट सिने एसोसिएशन'' जैसी बड़ी फिल्म डिस्ट्रीब्यूशन से जुडी कम्पनी भाग ले रही हैं। फिल्म मार्केट 31 जनवरी से 02 फरवरी तक ''चैम्बर भवन'' में आयोजित किया जायेगा। जहाँ देश विदेश की फिल्मों का मार्केट लगेगा। यहाँ फिल्मों के प्रदर्शन के साथ –साथ वर्कशॉप व सेमिनार भी आयोजित होंगे। इसमें प्रोड्यूसर्स मीट, डिजीटल फिल्म डिस्ट्रीब्यूशन, शॉर्ट व डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म मेकर्स मीट, शूटिंग लोकेशन– जयपुर और राजस्थान आदि विषयों पर चर्चा होंगी।

JIFF के फिल्म मार्केट से राजस्थान व भारत के फिल्म मेकर्स को एक ग्लोबल मंच मिलेगा। मार्केट के तहत् सेन्ट्रल सर्किट सिने एसोसिएशन ऐसे यंग फिल्म मेकर्स, जिनकी फिल्में किन्हीं कारणों से रिलीज नहीं होती, उनकी फिल्में रिलीज करने में भी मदद करेगा।

**राजस्थानी सिनेमा :–**

जयपुर इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इन्टरनेशनल व नेशनल सिनेमा के अलावा राजस्थानी सिनेमा को भी पुरजोर तरीके से प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके तहत् यूटीआर राजस्थान कैटेगरी में जो राजस्थानी फिल्में JIFF में स्क्रीनिंग के लिए सलेक्ट की गयी है, उनमें से बेहतरीन तीन फिल्मों को कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया जायेगा । इस बार राजस्थान से 30 फिल्में JIFF कार्यालय को प्राप्त हुई। जिसमें से 22 फिल्मों को स्क्रीनिंग के लिए सलेक्ट किया है। उनमें से 15 फिल्मों को पर्दे पर और 7 फिल्मों को डेस्कटॉप पर दिखाया जायेगा।

**बेस्ट वर्ल्ड सिनेमा कैटेगरी :–**

JIFF में इंटरनेशनल सिनेमा का योगदान साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। इस बार 90 देशों की 1397 फिल्मों ने भाग लिया है। '' बेस्ट वर्ल्ड सिनेमा'' केटेगरी के तहत् ऑस्कर, कान्स, बर्लिन व बुसान और इंडिया के फिल्म फेस्टिवल से चुनी गई 11 देशों की 12 बेहतरीन फिल्मों की स्क्रीनिंग की जायेगी। साथ ही उनमें से चुनी गई एक बेहतर फिल्म को अवॉर्ड भी दिया जायेगा।

बेस्ट वर्ल्ड सिनेमा कैटेगरी में सलेक्ट फिल्मों की स्क्रीनिंग स्पेस सिनेमा के 3डी ऑडिटोरियम में होगी।

**9 वेन्यू 11 स्क्रीनः–**

JIFF में इस बार शहर के अलग –अलग हिस्सों और ऑडिटोरियम में फिल्मों की स्क्रीनिंग रखी हैं जिनमें से तीन स्क्रीन गोलछा में, दो स्क्रीन गोलछा ट्रेड सेन्टर, एक स्क्रीन ''चैम्बर भवन'', फनस्टार विद्याधर नगर, स्पेस सिनेमाघर, पर्ल फैशन इन्स्टीट्यूट कूकस, एमजीडी स्कूल और महारानी कॉलेज में रखी गई है।

जयपुर इन्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के डायरेक्टर हनु रोज बताते है कि हर बार की तरह इस बार भी JIFF में नई और अलग चीजों को महत्व दिया गया है। मीडिया के लिए अलग से ''मीडिया सेन्टर'' होगा। जहाँ पर मीडिया से जुड़े लोग फिल्मों से जुड़ी जानकारियों के अलावा फेस्टिवल में शामिल हो रही मूवीज भी देख सकेंगे।

**फेस्टिवल में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हैः–** फिल्म, मीडिया स्टूडेन्ट्स और अन्य स्टूडेन्ट्स के लिए चार दिन का रजिस्ट्रेशन चार्ज 200/– रू. रखा गया है। इसके अलावा फिल्म लवर्स के लिए 300/– रू. रजिस्ट्रेशन चार्ज रखा गया है। रजिस्ट्रेशन 15 जनवरी के बाद गोलछा ट्रेड सेन्टर में शुरू हो जायेंगे। दर्शक फिल्म फेस्टिवल के दौरान भी रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। ओपनिंग व क्लोजिंग सेरेमनी के लिए यह रजिस्ट्रेशन मान्य नहीं होंगे।

गर्ल्स व बच्चों के लिए फिल्म फेस्टिवल में अलग से स्क्रीनिंग की व्यवस्था होगी। गर्ल्स के लिए एमजीडी स्कूल और महारानी कॉलेज व स्कूली बच्चों के लिए फन स्टार विद्याधर नगर में स्क्रीनिग रखी जा रही है।

**सूची संलग्न है :–** फिल्म स्क्रीनिंग शेड्यूल, पोस्टर रिलीज फोटो, फोटो –शर्मिला टैगोर और न्यू लोगो ऑफ JIFF ।

*–हनु रोज,*
*फाउंडर डायरेक्टर,*
*जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल,*
*ऑफिस– 0141–6500601*
[www.jiffindia.org](http://www.jiffindia.org)

*9694347361*
***– मीडिया कॉर्डिनेशन–***